**प्रेस नोट**

**दिनांक 29.08.2025**

## अपर पुलिस अधीक्षक  द्वारा हमीरपुर वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण।

आज दिनांक 29.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा हमीरपुर वन स्टाफ सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान केंद्र पर उपलब्ध अभिलेखों, कार्यालयीन कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों का परीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए उनके कार्यों की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर स्टाफ को अनुशासन, कार्यक्षमता एवं दायित्व निर्वहन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा कार्यों में और अधिक पारदर्शिता व दक्षता लाने हेतु अपेक्षित सुझाव भी प्रदान किए गए एवं यह भी निर्देश दिया गया कि सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्वहन सुनिश्चित करें, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी हो सके।







